भारत सरकार **राज्य सभा**
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 221**
वाणिज्य विभाग

दिनांक 3 फरवरी 2023 को उत्तर दिये जाने के लिए

खाद्यान्न और कृषि उत्पादों का आयात-निर्यात

221. श्री नीरज डांगी :

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत दो वर्षों के दौरान खाद्यान्नों और अन्य कृषि उत्पादों के निर्यात और आयात की वस्तु के अनुसार और देश-वार मात्रा और मूल्य कितना है;

(ख) क्या ऐसे उत्पादों की गुणवत्ता और दर के संबंध में कोई लक्ष्य निर्धारित किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) खाद्यान्नों और कृषि उत्पादों के वैश्विक व्यापार में भारत की कितनी हिस्सेदारी है और कुल निर्यात में कृषि क्षेत्र का कितना योगदान है; और

(घ) सरकार द्वारा ऐसे उत्पादों के निर्यात को बढ़ाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं या किए जा रहे हैं?

उत्तर
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) पिछले दो वर्षों के दौरान भारत के खाद्यान्न और अन्य कृषि उत्पादों के निर्यात का उत्पाद-वार और देश-वार विवरण क्रमशः अनुबंध- I और अनुबंध- II में दिया गया है। पिछले दो वर्षों के दौरान भारत द्वारा इन उत्पादों के आयात का उत्पाद-वार और देश-वार ब्यौरा क्रमश: अनुबंध-III और अनुबंध-IV में दिया गया है।

(ख) निर्यात के लिए, निर्यात किए गए कृषि उत्पादों की गुणवत्ता को संबंधित आयातक देशों की गुणवत्ता आवश्यकताओं के अनुरूप होना चाहिए; जबकि भारत में आयात किए जाने वाले कृषि उत्पादों की गुणवत्ता भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। निर्यात और आयात दोनों के लिए कृषि उत्पादों की दरें प्रचलित बाजार परिदृश्य पर निर्भर करती हैं।

(ग) विश्व व्यापार संगठन की 'विश्व व्यापार सांख्यिकी समीक्षा 2022' के अनुसार, 2021 के दौरान कृषि उत्पादों के वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी निर्यात के लिए 2.4% और आयात के लिए 1.7% थी। 2021-22 के दौरान भारत के कुल निर्यात में कृषि क्षेत्र का योगदान 11.90% था।

(घ) सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राज्य/जिला स्तर पर कई कदम उठाए हैं। राज्य विशिष्ट कार्य योजनाएं तैयार की गई हैं और कई राज्यों में राज्य स्तरीय निगरानी समितियां (एसएलएमसी), कृषि निर्यात के लिए नोडल एजेंसियां और क्लस्टर स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए देश और उत्पाद-विशिष्ट कार्य योजना भी तैयार की गई है। सरकार कृषि निर्यात नीति के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रस्तावित जिले को निर्यात हब (डीईएच) पहल के रूप में उपयोग करने की प्रक्रिया में भी है। डीईएच पहल के तहत, देश भर के सभी 733 जिलों में निर्यात क्षमता वाले कृषि उत्पादों सहित उत्पादों की पहचान की गई है। 28 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में राज्य निर्यात कार्यनीति तैयार की गई है।

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा), वाणिज्य विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक स्वायत्त संगठन है, जिसे कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने का अधिकार है। एपीडा अपनी निर्यात प्रोत्साहन योजना के विभिन्न घटकों के तहत निर्यातकों को सहायता प्रदान करता है।

वाणिज्य विभाग बाजार पहुंच पहल (एमएआई) योजना, एपीडा की निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं और समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) आदि के माध्यम से कृषि उत्पादों के निर्यात सहित निर्यात को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

इसके अलावा, किसानों, किसान-उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और सहकारी समितियों को निर्यातकों के साथ बातचीत करने के लिए एक मंच प्रदान करने हेतु एक किसान कनेक्ट पोर्टल विकसित किया गया है। निर्यात-बाजार लिंकेज प्रदान करने के लिए क्लस्टरों में क्रेता-विक्रेता बैठकें (बीएसएम) आयोजित की गई हैं। निर्यात के अवसरों का आकलन और दोहन करने के लिए विदेशों में भारतीय मिशनों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नियमित बातचीत की गई है। भारतीय मिशनों के माध्यम से देश विशिष्ट बीएसएम भी आयोजित किए गए हैं।

****

अनुबंध-।

दिनांक 03.02.2023 को उत्तर हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 221 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

भारत के कृषि उत्पादों का निर्यात - उत्पाद-वार

मात्रा '000 इकाइयों में; मूल्य अमरीकी मिलियन डालर में

वस्तु	इकाई	2020-21		2021-22	
		मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
मादक पेय	एल टीआर	250333.16	330.22	200921.15	274.07
पशु केशिंग	किग्रा	13887.74	56.23	13826.91	63.54
आयुष और हर्बल उत्पाद	किग्रा	120558.43	539.88	126112.13	612.12
भैंस का मांस	टन	1085.61	3171.13	1175.33	3303.78
काजू	टन	70.11	420.43	75.45	453.08
काजू नट शेल तरल	किग्रा	3735.92	2.66	4943.65	4.36
केस्टर ऑयल	किग्रा	734336.46	917.24	715209.56	1175.50
अनाज के तैयार उत्पाद	टन	403.99	636.97	415.53	652.49
कोको उत्पाद	किग्रा	25776.77	149.78	27323.31	153.68
कॉफ़ी	किग्रा	245209.80	719.66	333098.94	1020.74
कॉटन रॉ अपशिष्ट सहित	टन	1213.98	1897.21	1258.63	2816.24
दुग्ध उत्पाद	किग्रा	118334.27	323.09	191954.02	634.89
फ्लोरिकल्चर उत्पाद	किग्रा	15695.02	77.84	23695.48	103.61
ताजा फल	टन	973.18	768.54	1166.44	877.22
ताजा सब्जियाँ	टन	2339.68	723.97	2468.40	815.26
फल / सब्जी के बीज	किग्रा	32285.42	125.16	20989.49	113.34
मूंगफली	टन	638.32	727.21	514.12	629.28
ग्वारगम खाद्य	टन	234.88	262.99	322.33	447.61
समुद्री उत्पाद	किग्रा	1167758.16	5962.39	1398014.07	7772.36
मिल्ड उत्पाद	किग्रा	397056.20	207.13	699565.19	305.49
विविध संसाधित मदें		0.00	866.04	0.00	1169.05
गुड	टन	1317.68	178.75	1404.98	217.92
प्राकृतिक रबर	टन	11.34	16.67	3.56	7.24
निगर सीड	किग्रा	19591.23	21.58	6030.08	8.30
तैल खाद्य	टन	4366.55	1585.04	2925.70	1031.94
अन्य अनाज	टन	3075.66	705.38	3859.36	1087.39
अन्य मांस	टन	0.89	2.47	1.95	6.11
अन्य तिलहन	टन	84.57	61.24	60.24	68.92
पोल्ट्री उत्पाद		0.00	58.70	0.00	71.04
प्रसंस्कृत फल और जूस	किग्रा	532870.72	695.56	629704.18	778.30
संसाधित मांस	टन	0.78	1.71	0.47	1.55
प्रसंस्कृत सब्जियां	किग्रा	367098.92	424.70	308275.31	412.29
दाल	टन	276.93	265.57	387.21	359.41
चावल – बासमती	टन	4630.21	4018.41	3943.72	3537.49
चावल (बासमती के अलावा)	टन	13149.21	4810.80	17288.96	6133.63
तिल के बीज	किग्रा	273260.32	425.64	242145.59	407.15
भेड़/बकरी का मांस	टन	7.11	44.64	8.70	60.11
चपड़ा	किग्रा	7876.26	87.83	8485.91	105.80
मसाले	किग्रा	1607058.51	3983.98	1427718.15	3896.03
चीनी	टन	7517.92	2789.91	10457.08	4602.65
चाय	किग्रा	212687.66	756.26	208614.16	751.07
तम्बाकू निर्मित		0.00	359.17	0.00	353.17
तम्बाकू अनिर्मित	किग्रा	178296.61	517.54	196261.21	570.40
वनस्पति तेल	टन	302.22	604.12	98.37	221.01
गेहूं	टन	2154.97	567.93	7244.84	2122.13
कुल योग			**41869.37**		**50208.74**

स्रोत: डीजीसीआई एंड एस

अनुबंध-II

दिनांक 03.02.2023 को उत्तर हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 221 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

भारत के कृषि उत्पादों का निर्यात - देश-वार		
		मूल्य अमरीकी मिलियन डालर में
देश	**2020-21**	**2021-22**
अमेरीका	4913.29	5848.11
बांग्लादेश पीआर	2850.81	5541.78
चीन पी आरपी	3734.19	3843.33
संयुक्त अरब अमीरात	1948.65	2625.79
इंडोनेशिया	1523.76	2173.81
वियतनाम सोशल रिपब्लिक	1629.62	2109.00
सऊदी अरब	1607.46	1547.00
मलेशिया	1171.02	1504.57
नेपाल	1306.03	1437.45
ईरान	1175.55	1121.69
नीदरलैंड	831.63	1003.42
इराक	878.88	953.84
इजिप्ट ए आरपी	523.44	931.46
श्रीलंका डीएसआर	525.84	836.13
यूके	801.40	804.16
जापान	671.53	739.19
थाईलैंड	645.63	722.21
जर्मनी	575.90	604.87
सूडान	417.31	599.28
रूस	522.97	582.34
कनाडा	545.53	572.26
बेनिन	454.25	564.68
बेल्जियम	468.55	533.72
कोरिया आर.पी	422.29	516.33
यमन गणराज्य	468.11	510.14
अन्य देश	11255.72	11982.18
कुल योग	**41869.37**	**50208.74**
स्रोतः डीजीसीआई एंड एस		

अनुबंध- III

दिनांक 03.02.2023 को उत्तर हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 221 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध ।

भारत के कृषि उत्पादों का आयात - उत्पाद-वार

मात्रा '000 इकाइयों में; मूल्य अमरीकी मिलियन डालर में

वस्तु	यूनिट	2020-21		2021-22	
		मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
मादक पेय	एल टीआर	645803.47	543.73	563770.92	693.23
पशु आवरण	किग्रा	14.00	0.07	1.54	0.03
आयुष और हर्बल उत्पाद	किग्रा	76349.62	107.72	53747.09	111.14
काजू	टन	834.40	1006.20	939.20	1255.46
काजू नट शेल तरल	किग्रा	2201.03	0.97	6526.42	3.08
केस्टर ऑयल	किग्रा	163.90	1.36	93.68	1.08
अनाज के तैयार खाद्य	टन	113.33	163.72	124.79	204.79
कोको उत्पाद	किग्रा	89091.11	273.06	111187.61	363.40
कॉफ़ी	किग्रा	78496.48	121.37	84722.61	141.31
कॉटन रॉ अपशिष्ट सहित	टन	231.36	385.89	224.26	559.55
दुग्ध उत्पाद	किग्रा	18534.30	48.91	14573.92	47.66
फ्लोरिकल्चर उत्पाद	किग्रा	3959.21	21.72	6235.88	34.62
ताजा फल	टन	1211.84	2131.21	1552.49	2460.33
ताजा सब्जियाँ	टन	72.90	30.50	45.99	18.48
फल / सब्जी के बीज	किग्रा	24983.61	142.93	19761.89	140.04
मूंगफली	टन	1.04	1.06	0.75	1.26
ग्वारगम खाद्य	टन	0.37	1.49	0.18	0.79
समुद्री उत्पाद	किग्रा	101424.67	225.63	76618.46	223.91
मिल्ड उत्पाद	किग्रा	2532.74	1.37	3373.80	1.95
विविध संसाधित मदें		0.00	306.16	0.00	456.31
गुड	टन	1.65	0.12	1.95	0.27
प्राकृतिक रबर	टन	410.48	624.35	546.37	1032.71
निगर सीड	किग्रा	5918.64	5.47	5646.00	5.45
तैल खाद्य	टन	509.79	136.73	1301.87	609.91
अन्य अनाज	टन	134.79	44.27	112.06	49.53
अन्य मांस	टन	0.50	2.37	0.91	4.63
अन्य तिलहन	टन	506.88	289.60	701.48	577.56
पोल्ट्री उत्पाद		0.00	3.48	0.00	5.36
प्रसंस्कृत फल और जूस	किग्रा	44436.76	89.64	63163.84	133.79
संसाधित मांस	टन	0.14	0.69	0.17	0.75
प्रसंस्कृत सब्जियां	किग्रा	18265.59	22.07	20714.02	28.06
दाल	टन	2466.16	1611.72	2699.69	2228.95
चावल (बासमती के अलावा)	टन	4.76	3.33	10.58	6.61
तिल के बीज	किग्रा	103235.81	121.93	21095.94	29.45
भेड़/बकरी का मांस	टन	0.01	0.12	0.05	0.66
चपड़ा	किग्रा	638.64	2.86	1679.28	10.43
मसाले	किग्रा	344211.35	1090.03	364067.63	1299.38
चीनी	टन	1964.00	635.62	359.62	169.20
चाय	किग्रा	38585.22	88.95	30343.05	63.92
तम्बाकू निर्मित		0.00	21.37	0.00	44.04
तम्बाकू अनिर्मित	किग्रा	7209.94	17.42	6793.77	18.95
वनस्पति तेल	टन	13540.01	11089.12	14278.16	18991.62
गेहूं	टन	0.00	0.00	0.05	0.02
कुल योग			**21416.35**		**32029.68**

स्रोत: डीजीसीआई एंड एस

अनुबंध-IV

दिनांक 03.02.2023 को उत्तर हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 221 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

भारत के कृषि उत्पादों का आयात - देश-वार		
		मूल्य मिलियन अमरीकी डालर में
देश	2020-21	2021-22
इंडोनेशिया	3817.20	4792.40
मलेशिया	2412.18	4633.12
अर्जेंटीना	2217.02	3515.51
यूक्रेन	1620.95	2117.38
अमेरीका	1558.17	1732.76
ब्राज़ील	951.54	1406.76
नेपाल	456.64	1079.24
थाईलैंड	244.08	945.00
म्यांमार	443.11	880.36
सिंगापुर	445.28	663.32
वियतनाम सोशल रिपब्लिक	392.80	655.95
तंजानिया रिपब्लिक	330.23	542.82
रूस	329.78	502.80
बांग्लादेश पीआर	296.73	497.97
अफगानिस्तान	495.47	497.95
मोज़ाम्बिक	174.30	438.67
यू अरब ईएमटीएस	386.63	425.28
कनाडा	532.82	419.04
नीदरलैंड	211.09	397.96
ऑस्ट्रेलिया	189.51	370.16
बेनिन	293.25	341.92
पापुआ एन जीएनए	33.87	314.83
इजिप्ट एआरपी	202.98	303.45
कोट डी आइवरी	203.96	299.93
चीन पी आरपी	263.82	284.97
अन्य देश	2912.96	3970.12
कुल योग	**21416.35**	**32029.68**
स्रोत: डीजीसीआई एंड एस		

***